**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**23.06.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

**मुख्य समाचार**

- **मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बीबीएमबी की सभी परियोजनाओं से हिमाचल को 12 प्रतिशत मुफ्त बिजली देने की केन्द्र से की मांग।**
- **नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री जनविकास कार्यक्रम के तहत लाहौल स्पीति व किन्नौर ज़िलों को एक सौ 23 करोड़ रूपये देने के लिए केन्द्र का जताया आभार।**
- **देश के सेब उत्पादक राज्यों के बागवानों की शिमला में हुई आमसभा– केन्द्र से सेब पर आयात शुल्क बढ़ाने की मांग।**
- **देहरादून में 25 जून से आयोजित होने वाली राष्ट्रीय आइस स्केटिंग चैम्पियनशिप के लिए हिमाचल से 60 खिलाड़ियों का दल रवाना।**

**सीएम**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर भाखड़ा–ब्यास प्रबंधन बोर्ड की सभी परियोजनाओं से हिमाचल को 12 प्रतिशत मुफ्त बिजली देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत सभी जल विद्युत परियोजनाएं मुफ्त बिजली उपलब्ध करवा रही है जबकि बीबीएमबी परियोजनाएं राज्य को कोई मुफ्त बिजली नहीं दे रही है। मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा है कि हिमाचल को उसका जायज़ हक नहीं मिलने से बहुत बड़ा नुकसान हो रहा है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर को लिखे एक अन्य पत्र में एसजेवीएनएल को नाथपा झाकड़ी पावर प्रोजैक्ट से स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के लिए एक प्रतिशत अतिरिक्त मुफ्त बिजली प्रदान करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को भी पत्र लिखकर बीबीएमबी से मिलने वाली ऊर्जा के बकाया भुगतान के लिए हरियाणा सरकार को अपनी सहमति लिखित रूप में देने का अनुरोध किया है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया कि हरियाणा और पंजाब की ओर से नवम्बर 1966 से अक्तूबर 2011 तक बीबीएमबी से कुल 13 हज़ार 66 मिलियन यूनिट ऊर्जा का बकाया लंबित है।

## पीएम–श्यामा प्रसाद

एक राष्ट्र–एक विधान–एक निशान के संकल्प को साकार करने वाले महान राष्ट्र भक्त डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर आज प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर कई कार्यक्रम कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनके बलिदान पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि डॉक्टर मुखर्जी ने देश की अखंडता को अक्षुण रखने के लिए अतुलनीय साहस और प्रयास का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को हमेशा श्रद्धा के साथ याद किया जाएगा।

## सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महामंत्री सिकंदर कुमार ने कहा है कि केन्द्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष का कार्यकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि 11 वर्षों के कार्यकाल में मोदी सरकार ने अपनी नीतियों व निर्णयों से देश को विकास की नई बुलंदियों पर पहुंचाया है। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर शिमला ग्रामीण विधानसभा के घणाहट्टी क्षेत्र के पड़ेच व धामी बूथों पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। सिकंदर कुमार ने मोदी सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों को घर–घर तक पहुंचाने का कार्यकर्ताओं से आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान को याद करते हुए कहा कि वे एक महान देशभक्त के रूप में हमेशा याद किए जाएंगे।

## जयंती

प्रदेश के 6 बार मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की आज जयंती है। इस उपलक्ष्य पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन शिमला में उनकी याद में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कृषि मंत्री चंद्र कुमार और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह सहित अन्य कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर दो मिनट का मौन भी रखा। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के पुत्र व लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि उनके द्वारा हिमाचल के विकास के लिए दिए गए योगदान को आज याद करने का दिन है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवाद और जातिवाद को दरकिनार कर सम्पूर्ण हिमाचल के विकास के लिए उनके बताए रास्ते पर चलने की ज़रूरत है।

उधर सोलन में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री जनविकास कार्यक्रम के तहत केन्द्र सरकार से लाहौल स्पीति ज़िले को एक सौ 8 करोड़ रूपये और किन्नौर ज़िले को 15 करोड़ रूपये की सौगात मिली है। मंडी से जारी एक बयान में उन्होंने इस धन राशि के लिए हिमाचल की तरफ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त किया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार ने हिमाचल के हितों और ज़रूरतों का सदा ध्यान रखा है और हरसंभव सहायता को तत्पर रहती है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री रहते हुए स्पीति वैली के लिए एल्टीट्यूट स्पोर्टस सेंटर, आइस स्केटिंग रिंक और केलंग में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के प्रस्ताव केन्द्र को भेजे थे जिन्हें अब मंजूरी मिल गई है। उन्होंने कहा कि 27 व 28 जून को केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू इन परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे।

**वंदना योगी**

प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष वंदना योगी ने कहा है कि मोदी सरकार ने 11 वर्ष के कार्यकाल में देश के विकास की नई गाथा लिखी है। आकाशवाणी शिमला से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान से चौथे स्थान पर पहुंच गई है और जल्द ही विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

**कंगना रणौत**

मंडी संसदीय क्षेत्र से सांसद कंगना रणौत की अध्यक्षता में ज़िला विकास समन्वय व अनुश्रवण समिति दिशा की एक बैठक आज कुल्लू में आयोजित की गई। बैठक में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कंगना रनौत ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए टीमवर्क और तालमेल पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार से मंडी संसदीय क्षेत्र के विकास की बात करने के अलावा यहां नई योजनाओं को लाया जाएगा।

**संघ**

देश के प्रमुख सेब उत्पादक राज्यों के बागवानों ने एप्पल फार्मर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और हिमाचल सेब उत्पादक संघ के संयुक्त तत्वावधान में आज शिमला में आमसभा का आयोजन किया। इसमें जम्मू–कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के किसानों–बागवानों की मांगों और केन्द्र सरकार द्वारा सेब पर आयात शुल्क कम करने के खिलाफ निर्णायक आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई।

जम्मू–कश्मीर के कुलगाम से विधायक और एप्पल फार्मर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय संयोजक मोहम्मद यूसुफ तारिगामी ने कहा कि सरकार बार–बार एमएसपी का वायदा करती है लेकिन आज दिन तक इसे लागू नहीं किया गया है।

## चैम्पियनशिप

राष्ट्रीय आईस स्केटिंग चैम्पियनशिप का आयोजन 25 से 28 जून तक देहरादून में किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश से इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 60 खिलाड़ियों के दल को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला स्थित अपने सरकारी आवास ओकओवर से रवाना किया। उन्होंने प्रतिभागियों को चैम्पियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस की बधाई भी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा दे रही है और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू की गई है।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बीबीएमबी की सभी परियोजनाओं से हिमाचल को 12 प्रतिशत मुफ्त बिजली देने की केन्द्र से की मांग।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री जनविकास कार्यक्रम के तहत लाहौल स्पीति व किन्नौर ज़िलों को एक सौ 23 करोड़ रूपये देने के लिए केन्द्र का जताया आभार।
- देश के सेब उत्पादक राज्यों के बागवानों की शिमला में हुई आमसभा– केन्द्र से सेब पर आयात शुल्क बढ़ाने की मांग।
- देहरादून में 25 जून से आयोजित होने वाली राष्ट्रीय आइस स्केटिंग चैम्पियनशिप के लिए हिमाचल से 60 खिलाड़ियों का दल रवाना।